Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Chavda Shri Harisinh

an>

Title: Need to make provision in the Budget for the development of backward areas in Banaskantha, Gujarat and other parts of the country.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : अध्यक्ष महोदय, देश के कई क्षेत्र बहुत ही पिछड़े हुए हैं और इन पिछड़े क्षेत्रों के विकास नहीं होने के कारण देश का संतुलित विकास नहीं हो पा रहा है। इन क्षेत्रों को कोई सुविधा नहीं मिल पाती है जिसके कारण देश में कई आर्थिक समस्यायें खड़ी हुयी हैं तथा लोग एक क्षेत्र से पलायन कर जाते हैं। उसी तरह से सरकार को भी इन पिछड़े क्षेत्रों पर ध्यान देना चाहिए। मेरा संसदीय क्षेत्र बनासकांठा गुजरात का सबसे पिछड़ा क्षेत्र है जहां पर विशेा ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। जिस तरह से एक बीमार व्यक्ति को अच्छा भोजन दिया जाता है और उस पर खर्चा किया जाता है। उसी तरह से सरकार को पिछड़े क्षेत्र के विकास के लिए बजट में प्रावधान किया जाना चाहिए।

सरकार से अनुरोध है कि बजट में पिछड़े क्षेत्रों के विकास हेतु बजट में प्रावधान किया जाये और बराबर इस बात का ध्यान रखा जाये कि संतुलित विकास कार्य ठीक ढंग से चल रहा या नहीं।